**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**

**04.03.2020 के**

**तारांकित प्रश्न सं. 200 का उत्तर**

**राजस्थान में नई रेल परियोजनाएं**

***200. श्री भागीरथ चौधरी:**

**श्रीमती रंजीता कोलीः**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) राजस्थान के लिए वर्ष 2014 से स्वीकृत की गई नई रेल परियोजनाओं के जोन-वार और वर्ष-वार नाम क्या हैं;**

**(ख) उपर्युक्त परियोजनाओं में से उन परियोजनाओं की संख्या कितनी है जिन पर काम चल रहा है तथा उस पर अब तक कितनी धनराशि खर्च की गई है और इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए परियोजना-वार सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं;**

**(ग) क्या सरकार का पिछले बजट की नई रेल परियोजनाओं का विश्लेषण करने के पश्चात् निधि आवंटित करने तथा वित्त वर्ष 2020-21 के बजट में राज्य के लिए अन्य नई परियोजनाओं हेतु निधि स्वीकृत करने का विचार है;**

**(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

**(ङ) राजस्थान हेतु विगत तीन वर्षों के दौरान घोषित नई रेलगाड़ियों के प्रचालन का ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)**

**(क) से (ड.): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

**********

**राजस्थान में नई रेल परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 04.03.2020 को लोक सभा में श्री भागीरथ चौधरी और श्रीमती रंजीता कोली के तारांकित प्रश्न सं.200 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

**(क): रेल परियोजनाएं राज्य-वार नहीं बल्कि क्षेत्र-वार स्वीकृत की जाती हैं, क्योंकि भारतीय रेल नेटवर्क राज्यों की सीमाओं के आर-पार फैला हुआ है। बहरहाल, 2014-19 के दौरान, राजस्थान राज्य में पूर्णत:/आंशिक रूप से पड़ने वाली 1641 कि.मी. लंबाई और 22259 करोड़ रु. की लागत वाली 4 नई लाइनें, 1 आमान परिवर्तन और 7 दोहरीकरण परियोजनाएं रेल बजट में शामिल की गई थीं। इसके अलावा, 131 किमी. लंबी और 946 करोड़ रु. की लागत वाली दोहरीकरण परियोजना को 2019-20 में शामिल किया गया है। इन परियोजनाओं का ब्यौरा परिशिष्ट-I में दिया गया है।**

**बजट आबंटन:- (राजस्थान राज्य में पूर्णत्:/आंशिक रूप से पड़ने वाली परियोजनाओं के लिए)**

**राजस्थान राज्य में पूर्णत:/आंशिक रूप से पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए औसत वार्षिक बजट आबंटन 682 करोड़ रु. प्रति वर्ष (2009-14 के दौरान) से बढ़ाकर 2014-19 के दौरान 2951 करोड़ रु. प्रति वर्ष कर दिया गया है। इस प्रकार, 2009-14 के औसत वार्षिक बजट आबंटन (682 करोड़ रु. प्रति वर्ष) की तुलना में 333% बढ़ोतरी हुई है।**

**राजस्थान राज्य में पूर्णत:/आंशिक रूप से पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए वित्त वर्ष 2019-20 हेतु बजट आबंटन 4686 करोड़ रु. है, जिसमें 2009-14 के औसत बजट परिव्यय से 587% की बढ़ोतरी हुई है।**

**लाइनें चालू करना:-**

**2009-14 के दौरान राजस्थान राज्य में 160 कि.मी. प्रति वर्ष की औसत दर पर 798 कि.मी. लंबाई (61 कि.मी. नई लाइन, 675 कि.मी. आमान परिवर्तन और 62 कि.मी. दोहरीकरण) की लाइनें चालू की गई।**

**2014-19 के दौरान, राजस्थान राज्य में 303 कि.मी. प्रति वर्ष की औसत दर पर 1516 कि.मी. लंबाई (80 कि.मी. नई लाइन, 483 कि.मी. आमान परिवर्तन और 953 कि.मी. दोहरीकरण) की लाइनें चालू की गईं, जो 2009-14 के दौरान लाइनें चालू करने की तुलना में 90% की बढ़ोतरी दर्शाता है।**

(ख): उपरोक्त के अलावा, 6 परियोजनाओं के कार्य शुरू कर दिए गए हैं। इन परियोजनाओं का ब्यौरा परिशिष्ट-I में दिया गया है।

रेलवे द्‌वारा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

(i) मल्टी रेलपथ बनाकर भारतीय रेल नेटवर्क के संतृप्त और संकुलित मार्गों को विसंकुलित करने की जरूरत है ताकि प्रणाली में बाधाओं को दूर किया जा सके और संरक्षा, समयपालन को बढ़ाया जा सके तथा तीव्र एवं भारी यातायात का आवागमन सुनिश्चित किया जा सके।

उक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए और परियोजनाओं के त्वरित गति से निष्पादन के लिए परियोजनाओं के नियोजन में परिवर्तन किया गया है ताकि इष्टतम परिणाम पाने के लिए उपलब्ध संसाधनों का विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग किया जा सके और इसके लिए तीव्रता से थ्रुपुट संवर्द्धन हेतु संसाधनों के आबंटन के लिए 58 अति महत्वपूर्ण और 68 महत्वपूर्ण परियोजनाओं की पहचान की गई है।

(ii) थ्रुपुट संवर्द्धन परियोजनाओं के लिए संस्थागत वित्तपोषण की व्यवस्था की गई है, जिससे महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए प्रतिबद्ध निधि के प्रावधान हेतु रेलवे की क्षमता बढ़ गई है।

(iii) राष्ट्र के समग्र हित में और लागत में वृद्धि किए बिना परियोजनाएं समय पर पूरी हों, यह सुनिश्चित करने के लिए रेलों में विभिन्न स्तरों (फील्ड स्तर, मंडल स्तर, क्षेत्रीय स्तर और बोर्ड स्तर) पर गहन निगरानी रखी जाती है और लंबित मुद्दों, जो परियोजनाओं की प्रगति को अवरोधित करते हैं, को सुलझाने के लिए राज्य सरकार के पदाधिकारियों और अन्य संबधित प्राधिकारियों के साथ नियमित बैठकें की जाती हैं।

(iv) परियोजनाओं का समय से पहले पूरा किया जाना सुनिश्चित करने के लिए, रेलवे ने ठेकों में बोनस खंड के रूप में ठेकेदारों के लिए प्रोत्साहन अवधारणा अपनाई है, जिससे परियोजनाओं के निष्पादन में और तेजी आएगी।

किसी भी परियोजना का पूरा होना राज्य सरकार द्‌वारा शीघ्र भूमि अधिग्रहण, वन विभाग के पदाधिकारियों द्‌वारा वन संबंधी स्वीकृति, बाधक जनोपयोगी सेवाओं (भूमिगत और भूमि के ऊपर दोनों) का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, क्षेत्र की

भौगोलिक और स्थलाकृतिक परिस्थितियों, परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, जलवायु परस्थितियों के कारण परियोजना विशेष के स्थल के लिए किसी वर्ष में कार्य के महीनों की संख्या, परियोजना को शीघ्र पूरा करने के लिए राज्य सरकार का सहयोग और तत्परता, भूकंप, बाढ़, अत्यधिक वर्षा, श्रमिकों की हड़ताल जैसी अप्रत्याशित परिस्थितियों का सामना करना, माननीय न्यायालयों के आदेशों, कार्यरत एजेंसियों/ठेकेदारों की स्थिति और शर्तों आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है और ये सभी कारक परियोजना के समापन समय को प्रभावित करते हैं। इसलिए, कोई निश्चित समय-सीमा नहीं दी जा सकती। बहरहाल, परियोजना को शीघ्र पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

(ग) और (घ): वित्त वर्ष 2020-21 के लिए, उन परियोजनाओं के लिए बजट परिव्यय की व्यवस्था की गई है, जो पूरा होने के अंतिम चरण में हैं, जो महत्वपूर्ण नई लाइन राष्ट्रीय परियोजनाएं हैं, जो निष्पादनयोग्य एवं महत्वपूर्ण आमान परिवर्तन परियोजनाएं हैं और जो थ्रुपुट संवर्द्धन की दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजनाएं हैं। इस प्रकार, वित्त वर्ष 2020-21 के लिए प्रस्तावित बजट आबंटन में संकेंद्रित ध्यान दिया गया है बजाए इसके कि संसाधनों को थोड़ा-थोड़ा सभी को वितरित किया जाए और जिससे सार्थक परिणाम नहीं निकलता।

(ड.): भारतीय रेल अपनी गाड़ी सेवाओं को राज्य-वार आधार पर नहीं चलाती है क्योंकि रेल नेटवर्क राज्यों की सीमाओं के आर-पार फैला हुआ है। बहरहाल, 2017-18 से 2019-20 (एकल में) तक राजस्थान राज्य में स्थित विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर नई गाड़ी सेवाओं को शुरू करने, गाड़ियों का विस्तार करने और गाड़ियों के फेरे बढ़ाने का ब्यौरा निम्नानुसार है और परिशिष्ट-II के रूप में संलग्न है:

| मद | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 |
|---|---|---|---|
| नई गाड़ियां चलाना | 24 | 24 | 14 |
| गाड़ियों का विस्तार करना | 18 | 38 | 18 |
| गाड़ियों के फेरे बढ़ाना | 2 | 2 | - |

*****

**राजस्थान में नई रेल परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 04.03.2020 को लोक सभा में श्री भागीरथ चौधरी और श्रीमती रंजीता कोली के तारांकित प्रश्न सं.200 के भाग (क) और (ख) के उत्तर से संबंधित परिशिष्ट।**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | क्षेत्रीय रेलवे | बजट में शामिल/ स्वीकृत करने का वर्ष | नवीनतम प्रत्याशित लागत (करोड़ रु. में) | मार्च 2019 तक व्यय (करोड़ रु. में) | बजट अनुमान परिव्यय 2019-20 (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **दोहरीकरण** | | | | | | | |
| 1. | नीमच-चित्तौड़गढ़ (55.73 कि.मी.) | पश्चिम रेलवे | 2015-16 | 389.99 | 165.33 | 139 | शंभूपुरा-चित्तौड़गढ़ (13.10 कि.मी.): चालू कर दी गई है। शेष खंड में निर्माण कार्य शुरू कर दिए गए हैं। |
| 2. | फुलेरा-डेगाना (108 कि.मी.) | उत्तर पश्चिम रेलवे | 2015-16 | 686 | 4.43 | 150 | भूमि अधिग्रहण शुरू कर दिया गया है। (27 हेक्टेयर में से 14.70 हेक्टेयर भूमि अधिगृहीत कर ली गई है) उपलब्ध भूमि में कार्य शुरू कर दिया गया है। |
| 3. | मथुरा-झांसी तीसरी लाइन ( 274 कि.मी.) | उत्तर मध्य रेलवे | 2015-16 | 3677.76 | 343 | 276 | भूमि अधिग्रहण, वन/ वन्य जीव क्लीयरेंस प्राप्त कर लिया गया है। ताज़ टीपिज़ियम ज़ोन में वन क्लीयरेंस संबंधी |

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | क्षेत्रीय रेलवे | बजट में शामिल/ स्वीकृत करने का वर्ष | नवीनतम प्रत्याशित लागत (करोड़ रु. में) | मार्च 2019 तक व्यय (करोड़ रु. में) | बजट अनुमान परिव्यय 2019-20 (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | समस्या है। यह मामला भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के पास है।<br>उपलब्ध भूमि में कार्य शुरू कर दिया गया है। |
| 4. | डेगाना-राई का बाग (145 कि.मी.) | उत्तर पश्चिम रेलवे | 2018-19 | 808.85 | 12.40 | 76 | 5.89 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण शुरू कर दिया गया है। उपलब्ध भूमि में कार्य शुरू कर दिया गया है। |
| 5. | आगरा फोर्ट-बांदीकुई (150 कि.मी.) | उत्तर मध्य रेलवे | 2018-19 | 1519.12 | व्यय नहीं किया गया है, क्योंकि परियोजना को अपेक्षित सरकारी क्लीयरेंसों के अध्यधीन बजट 2018-19 में शामिल किया गया है। | | |
| 6. | मथुरा-धौलपुर चौथी लाइन (107 कि.मी.) | उत्तर मध्य रेलवे | 2018-19 | 2945.75 | व्यय नहीं किया गया है, क्योंकि परियोजना को अपेक्षित सरकारी क्लीयरेंसों के अध्यधीन बजट 2018-19 में शामिल किया गया है। | | |

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | क्षेत्रीय रेलवे | बजट में शामिल/ स्वीकृत करने का वर्ष | नवीनतम प्रत्याशित लागत (करोड़ रु. में) | मार्च 2019 तक व्यय (करोड़ रु. में) | बजट अनुमान परिव्यय 2019-20 (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. | धौलपुर-झांसी-बीना चौथी लाइन (321.80 कि.मी.) | उत्तर मध्य रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे | 2018-19 | 4869.95 | व्यय नहीं किया गया है, क्योंकि परियोजना को अपेक्षित सरकारी क्लीयरेंसों के अध्यधीन बजट 2018-19 में शामिल किया गया है। | | |
| 8. | सवाई माधोपुर-जयपुर (131.27 कि.मी.) | उत्तर पश्चिम रेलवे | 2019-20 | 946.13 | व्यय नहीं किया गया है, क्योंकि परियोजना को अपेक्षित सरकारी क्लीयरेंसों के अध्यधीन बजट 2019-20 में शामिल किया गया है। | | |
| **आमान परिवर्तन** | | | | | | | |
| 1. | मारवाड़-मावली (152 कि.मी.) | उत्तर पश्चिम रेलवे | 2017-18 | 2654.03 | व्यय नहीं किया गया है, क्योंकि रेलवे बोर्ड द्वारा मौजूदा मारवाड़-मावली मीटर आमान लाइन को धरोहर लाइन के रूप में बनाए रखने का विनिश्चय किया गया है। | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **नई लाइन** | | | | | |
| 1. | अजमेर (नसीराबाद)-सवाई माधोपुर (चौथ का बरवाड़ा) वाया टोंक (165 | उत्तर पश्चिम रेलवे | 2015-16 | 1,980.21 | व्यय नहीं किया गया है, क्योंकि परियोजना को इस परंतुक के साथ स्वीकृत किया गया था कि राजस्थान राज्य सरकार इसकी 50 प्रतिशत लागत में हिस्सेदारी देगी और इसके लिए भूमि निशुल्क मुहैया कराई जाएगी। राज्य सरकार ने इस परियोजना की लागत में हिस्सेदारी से मना कर दिया है। अत: |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | कि.मी.) | | | | इस वजह से परियोजना रोक दी गई है। |
| 2. | नीमच-छोटी सदडी-बड़ी सदड़ी (48 कि.मी.) | पश्चिम रेलवे | 2017-18 | 495.18 | परियोजना अक्तूबर 2018 में स्वीकृत की गई। अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है। |
| 3. | तरंग हिल-आबू रोड वाया अंबाजी (89 कि.मी.) | उत्तर पश्चिम रेलवे | 2017-18 | 1879.15 | व्यय नहीं किया गया है क्योंकि परियोजना को अपेक्षित सरकारी क्लीयरेंसों के अध्यधीन बजट में शामिल किया गया है। |
| 4. | गुधा-ताथाना-मिठरी- चल स्टॉक और अवसंरचना घटकों की जांच एवं परीक्षण के लिए समर्पित जांच रेलपथ का निर्माण (25 कि.मी.) | उत्तर पश्चिम रेलवे | 2018-19 | 353.48 | परियोजना पर कार्य शुरू कर दिया गया है। |

*****

राजस्थान में नई रेल परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 04.03.2020 को लोक सभा में श्री भागीरथ चौधरी और श्रीमती रंजीता कोली के तारांकित प्रश्न सं.200 के भाग (ड.) के उत्तर से संबंधित परिशिष्ट-।।

नई गाड़ी सेवाएं शुरू करना

2019-2020

| क्र.सं. | गाड़ी नंबर | स्टेशन से | स्टेशन तक | नाम | किस्म | बारंबारता | तारीख |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12439/12440 | श्रीगंगानगर | हजूर साहेब नांदेड़ | | एक्सप्रेस | साप्ताहिक | 31-5-19 |
| 2 | 22997/22998 | झालावाड़ | श्रीगंगानगर | | एक्सप्रेस | सप्ताह में 3 दिन | 14-7-19 |
| 3 | 14819/14820 | भगत की कोठी | साबरमती | | एक्सप्रेस | सप्ताह में 5 दिन | 10-10-19 |
| 4 | 51613/51614 | कोटा जं. | झालावाड़ सिटी | सेवा | पैसेंजर | दैनिक | 15-10-19 |
| 5 | 79603/79604 | जयपुर | सीकर | | डेमू | सप्ताह में 6 दिन | 22-10-19 |
| 6 | 19811/19812 | कोटा जं. | इटावा | | एक्सप्रेस | दैनिक | 22-10-19 |
| 7 | 14817/14818 | भगत की कोठी | बांद्रा (टी) | | एक्सप्रेस | सप्ताह में 2 दिन | 01-12-19 |

2018-19

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14815/14816 | भगत की कोठी | ताम्बरम | | हमसफर एक्सप्रेस | साप्ताहिक | 14-05-2018 |
| 2 | 19043/19044 | बांद्रा (टी) | भगत की कोठी | | हमसफर एक्सप्रेस | साप्ताहिक | 02-06-2018 |
| 3 | 74859/74860 | सीकर | चुरू | | डेमू | दैनिक | 08-06-2018 |
| 4 | 74861/74862 | सीकर | चुरू | | डेमू | दैनिक | 08-06-2018 |
| 5 | 14719/14720 | बीकानेर | बिलासपुर | | अंत्योदय एक्सप्रेस | साप्ताहिक | 13-07-2018 |
| 6 | 19603/19604 | अजमेर | रामेश्वरम | | हमसफर एक्सप्रेस | साप्ताहिक | 27-09-2018 |
| 7 | 19669/19670 | उदयपुर सिटी | पाटलिपुत्र | | हमसफर एक्सप्रेस | साप्ताहिक | 05-10-2018 |
| 8 | 22987/22988 | अजमेर जं. | आगरा फोर्ट | | एक्सप्रेस | दैनिक | 01-05-2018 |
| 9 | 19333/19334 | इंदौर | बीकानेर | महामना | एक्सप्रेस | साप्ताहिक | 19-01-2019 |
| 10 | 79601/79602 | अजमेर | जयपुर | | डेमू | सप्ताह में 6 दिन | 23-01-2019 |
| 11 | 14715/14716 | श्रीगंगानगर | सीकर | | एक्सप्रेस | सप्ताह में 3 दिन | 10-02-2019 |
| 12 | 22997/22998 | झालावाड़ सिटी | श्रीगंगानगर | | एक्सप्रेस | सप्ताह में 3 दिन | 12-03-2019 |

2017-18

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 59735/59736 | जयपुर | फुलेरा | | पैसेंजर | दैनिक | 21-06-2017 |
| 2 | 14021/14022 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | सीकर | | एक्सप्रेस | सप्ताह में 3 दिन | 20-06-2017 |
| 3 | 59735/59736 | सीकर | फतेहपुर शेखावटी | | पैसेंजर | दैनिक | 20-06-2017 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 74849/74850 | रतनगढ़ | सरदारशहर | | डेमू | दैनिक | 20-06-2017 |
| 5 | 74851/74852 | रतनगढ़ | सरदारशहर | | डेमू | दैनिक | 20-06-2017 |
| 6 | 74853/74854 | रतनगढ़ | सरदारशहर | | डेमू | दैनिक | 20-06-2017 |
| 7 | 14717/17418 | बीकानेर | हरिद्वार | | एक्सप्रेस | साप्ताहिक | 30-11-2017 |
| 8 | 74857/74858 | सीकर | चुरू | | डेमू | दैनिक | 09-12-2017 |
| 9 | 20901/20902 | बांद्रा (टी) | अजमेर | | एक्सप्रेस | सप्ताह में 3 दिन | 20-12-2017 |
| 10 | 19667/19668 | उदयपुर सिटी | मैसूर | पैलेस क्वीन | हमसफर एक्सप्रेस | साप्ताहिक | 19-02-2018 |
| 11 | 22985/22986 | उदयपुर सिटी | दिल्ली सराय रोहिल्ला | | हमसफर एक्सप्रेस | साप्ताहिक | 24-02-2018 |
| 12 | 22901/22902 | बांद्रा (टी) | उदयपुर सिटी | | एक्सप्रेस | सप्ताह में 3 दिन | 20-12-2017 |

## गाड़ी सेवाओं का विस्तार

2019-20

| क्र.सं. | गाड़ी नंबर | स्टेशन से | स्टेशन तक | नाम | किस्म | बारंबारता | तारीख | क्र.सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12205/12206 | नई दिल्ली | देहरादून | | एक्सप्रेस | दैनिक | कोटा जं. | 25-0819 |
| 2 | 59821/59822 | कोटा जं. | भिंड | | एक्सप्रेस | दैनिक | इटावा | 23-10-19 |
| 3 | 12259/12260 | सियालदह | नई दिल्ली | | दूरांतो एक्सप्रेस | सप्ताह में 4 दिन | बीकानेर जं. | 24-02-20 |
| 4 | 14021/14022 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | रींगस जं. | | एक्सप्रेस | सप्ताह में 3 दिन | जयपुर | 05-11-19 |
| 5 | 19707/19708 | बांद्रा (टी) | जयपुर | अमरापुर अरावली | एक्सप्रेस | दैनिक | श्रीगंगानगर | 09-11-19 |
| 6 | 54604/54605 | लुधियाना जं. | चुरू | | पैसेंजर | दैनिक | रतनगढ़ जं. | 17-11-19 |
| 7 | 74861/74862 | रींगस जं. | चुरू | | डीएमयू | दैनिक | जयपुर | 02-11-19 |
| 8 | 19225/19226 | बठिंडा | जम्मू तवी | | एक्सप्रेस | दैनिक | जोधपुर जं. | 15-01-20 |
| 9 | 19807/19808 | कोटा जं. | जयपुर | | एक्सप्रेस | सप्ताह में 4 दिन | हिसार | 17-01-20 |

2018-19

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12719/12720 | हैदराबाद | अजमेर | | एक्सप्रेस | जयपुर | दमरे | 02-04-2018 |
| 2 | 12035/12036 | जयपुर | आगरा फोर्ट | | एक्सप्रेस | अजमेर | उपरे | 01-05-2018 |
| 3 | 14715/14716 | हिसार | हरिद्वार | | एक्सप्रेस | बीकानेर | उपरे | 24-05-2018 |
| 4 | 12015/12016 | नई दिल्ली | अजमेर | | शताब्दी एक्सप्रेस | दौराई | उरे | 01-06-2018 |
| 5 | 54604/54605 | लुधियाना | हिसार/सादुलपुर | | पैसेंजर | चुरू | उरे | 01-07-2018 |
| 6 | 17037/17038 | सिकंदराबाद | बीकानेर | | एक्सप्रेस | हिसार | दमरे | 22-07-2018 |
| 7 | 14601/14602 | फिरोज़पुर | श्रीगंगानगर | | एक्सप्रेस | हनुमानगढ़ | उरे | 29-07-2018 |

| क्र.सं. | गाड़ी नंबर | स्टेशन से | स्टेशन तक | नाम | किस्म | बारंबारता | तारीख | क्र.सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 17623/17624 | हजूर साहेब नांदेड़ | बीकानेर | | एक्सप्रेस | श्रीगंगानगर | दमरे | 08-08-2018 |
| 9 | 16311/16312 | कोचुवेली | बीकानेर | | एक्सप्रेस | श्रीगंगानगर | दरे | 09-08-2018 |
| 10 | 22475/22476 | कोयंबतूर | बीकानेर | | एक्सप्रेस | हिसार | उपरे | 09-08-2018 |
| 11 | 19709/19710 | कामाख्या | जयपुर | कविगुरू | एक्सप्रेस | उदयपुर | उपरे | 11-02-2019 |
| 12 | 16533/16534 | बेंगलुरू | भगत की कोठी | | एक्सप्रेस | जोधपुर | दपरे | 13-02-2019 |
| 13 | 54011/54012 | तिलक ब्रिज | सादुलपुर | | पैसेंजर | श्रीगंगानगर | उपरे | 17-02-2019 |
| 14 | 18213/18214 | दुर्ग | जयपुर | | एक्सप्रेस | अजमेर | दपूमरे | 18-02-2019 |
| 15 | 59833/59834 | कोटा | नीमच | | पैसेंजर | मंदसौर | पमरे | 22-02-2019 |
| 16 | 59835/59836 | नीमच | उदयपुर | | पैसेंजर | मंदसौर | पमरे | 23-02-2019 |
| 17 | 22631/22632 | चेन्नै | बीकानेर | अणुव्रत | एक्सप्रेस | मदुरै | दरे | 28-02-2019 |
| 18 | 14021/14022 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | सीकर | | डेमू | रींगस | उरे | 02-03-2019 |
| 19 | 74861/74862 | चुरू | सीकर | | डेमू | रींगस | उपरे | 03-03-2019 |

2017-18

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 55681/55682 | अगरतला | उदयपुर | | पैसेंजर | गरजी | पूसीरे | 05-01-2018 |
| 2 | 55683/55684 | अगरतला | उदयपुर | | पैसेंजर | गरजी | पूसीरे | 05-01-2018 |
| 3 | 19609/19610 | हरिद्वार | अजमेर | | एक्सप्रेस | उदयपुर सिटी | उपरे | 28-07-2017 |
| 4 | 74001/74002 | दिल्ली | रेवाड़ी | | डेमू | नीम का थाना | उपरे | 23-08-2017 |
| 5 | 16507/16508 | बेंगलुरु | भगत की कोठी | | एक्सप्रेस | जोधपुर | उपरे | 20-11-2017 |
| 6 | 59603/59604 | अजमेर | उदयपुर | | पैसेंजर | मदार | उपरे | 20-12-2017 |
| 7 | 19607/19608 | अजमेर | कोलकाता | | एक्सप्रेस | मदार | उपरे | 25-12-2017 |
| 8 | 51613/51614 | कोटा | कटनी | | एक्सप्रेस | जबलपुर | पमरे | 25-08-2017 |
| 9 | 79303/79304 | रतलाम | नीमच | | डेमू | चितौड़गढ़ | परे | 07-11-2017 |

## गाड़ी सेवाओं की बारंबारता में वृद्धि

2017-18

| क्र.सं. | गाड़ी नंबर | स्टेशन से | स्टेशन तक | नाम | किस्म | बारंबारता | तारीख |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22481/22482 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | जोधपुर | | एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन से बढ़ाकर दैनिक | 03-05-2017 |
| | | | 2018-19 | | | | |
| 1 | 12065/12066 | अजमेर | दिल्ली सराय रोहिल्ला | | जन शताब्दी एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन से बढ़ाकर 5 दिन | 22-06-2018 |

*****